# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 302 | बिजौलिया - सोमवार, 11 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## एनएच-148 डी पर ट्रेलर-डंपर भिड़े, दोनों वाहनों में लगी भीषण आग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के जहाजपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-148 डी पर शनिवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। शक्करगढ़ चौराहे के पास ट्रेलर और डंपर की आमने-सामने टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दोनों वाहन धू-धू कर जलने लगे।





हादसे के दौरान दोनों चालकों ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की सूचना पर जहाजपुर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। आग इतनी तेज थी कि दोनों वाहन पूरी तरह जलकर कबाड़ में तब्दील हो गए।

ट्रेलर चालक ने पुलिस को बताया कि वह कोटा से कोटा स्टोन भरकर जोधपुर की ओर जा रहा था। देर रात करीब 12 बजे अचानक सड़क पर एक पशु आ गया। उसे बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे डंपर से टकरा गया। डंपर चालक ने भी पशु को बचाने की कोशिश की, लेकिन दोनों वाहन भिड़ गए।

चालक ने बताया कि वाहन में रखे करीब 25 हजार रुपए नकद, मोबाइल फोन और गाड़ी के मूल दस्तावेज भी आग में जल गए।

पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। मामले में प्रकरण दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## साइबर ठगी में खाते बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों के ट्रांजेक्शन का खुलासा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की भीमगंज थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने बैंक खाते, एटीएम और सिम कार्ड साइबर ठगों को उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खातों में लाखों रुपए के संदिग्ध ट्रांजेक्शन सामने आए हैं।

पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वसीम अकरम छीपा निवासी रावला चौक गुलमंडी और अंकित शर्मा निवासी तिलक नगर, भीलवाड़ा के रूप में हुई है। दोनों ने पूछताछ में 5 से 10 हजार रुपए लेकर अपने बैंक खाते साइबर ठगों को उपलब्ध करवाना स्वीकार किया है।जांच में सामने आया कि वसीम अकरम छीपा के इंडियन बैंक खाते के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में साइबर पोर्टल पर कई शिकायतें दर्ज थीं। उसके खाते में करीब 13.30 लाख रुपए का संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिला। वहीं अंकित शर्मा के खाते में भी पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से जुड़ी साइबर ठगी की राशि ट्रांसफर होने की पुष्टि हुई।

पुलिस के मुताबिक साइबर ठग आम लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रकम इन खातों में ट्रांसफर करते थे। इसके बाद एटीएम और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से राशि निकाल ली जाती थी।

भीमगंज थाना पुलिस ने खातों की बैंक डिटेल और साइबर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का मिलान किया। जांच में लाखों रुपए के लेन-देन और कैश विड्रॉल सामने आने के बाद दोनों खाताधारकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक खाते खुलवाकर उनसे जुड़े एटीएम कार्ड, बैंक डायरी और मोबाइल नंबर मुख्य साइबर फ्रॉड गिरोह को सौंप दिए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच थाना प्रभारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। पुलिस अब मुख्य साइबर ठगों और रकम के नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

## कागजों में उप जिला चिकित्सालय, हकीकत में बदहाल अस्पताल

### कोटड़ी अस्पताल में 21 में से सिर्फ 2 डॉक्टर तैनात, मरीजों का इलाज भगवान भरोसे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** क्षेत्र का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल इन दिनों खुद गंभीर बदहाली से जूझ रहा है। करोड़ों के बजट और उप जिला चिकित्सालय (एसडीएच) का दर्जा मिलने के बावजूद कोटड़ी अस्पताल की जमीनी हकीकत चौंकाने वाली बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि अस्पताल अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से भी बदतर स्थिति में पहुंच गया है।




जानकारी के अनुसार अस्पताल में चिकित्सकों के कुल 21 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में यहां केवल 2 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। इनमें से भी एक चिकित्सक के पास बीसीएमओ का अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यभार होने से मरीजों के उपचार की व्यवस्था चरमरा गई है। ऐसे में एक-एक डॉक्टर पर करीब 10 डॉक्टरों के बराबर जिम्मेदारी आ गई है।

अस्पताल में रोजाना मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। घंटों इंतजार के बाद भी समय पर उपचार नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सामान्य बीमारियों से लेकर गंभीर मरीजों तक को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है।

हालात केवल कोटड़ी अस्पताल तक सीमित नहीं हैं। क्षेत्र के सीएचसी सवाईपुर और पारोली में भी चिकित्सकों के आधे पद खाली पड़े हैं, जबकि सीएचसी बडलियास में चिकित्सकों के सभी पद रिक्त बताए जा रहे हैं। इसके चलते बुखार, चोट और सामान्य बीमारियों के मरीजों को भी भीलवाड़ा रेफर करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीण और गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग ने केवल बोर्ड बदलकर अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय घोषित कर दिया, लेकिन न तो पर्याप्त डॉक्टर लगाए गए और न ही जरूरी संसाधन उपलब्ध करवाए गए। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, जांच सुविधाओं और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का भारी अभाव बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो उप जिला चिकित्सालय का दर्जा केवल सरकारी कागजों और बोर्ड तक ही सीमित रह जाएगा। ग्रामीणों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से तत्काल चिकित्सकों की नियुक्ति कर अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है।

## सड़क हादसे की कहानी निकली झूठी, भाई ने ही की थी हत्या

### 10 लाख के विवाद में सगे भाई का किया कत्ल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के आसींद थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के रूप में सामने आए एक मामले का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। शुरुआती तौर पर जिसे सड़क दुर्घटना माना जा रहा था, वह दरअसल सगे भाई की सुनियोजित हत्या निकली। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के बड़े भाई लक्ष्मीलाल खटीक उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आसींद थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने बताया की 3 मई की सुबह कांवलास सरहद स्थित डामर प्लांट के पास नेशनल हाईवे-158 किनारे एक युवक की लाश और मोटरसाइकिल मिलने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान गोविंदपुरा निवासी किशन उर्फ मेवाराम खटीक के रूप में हुई। मृतक के भाई लक्ष्मीलाल ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हालांकि घटनास्थल और शव की स्थिति ने पुलिस को शुरुआत से ही संदेह में डाल दिया। जांच में सामने आया कि मृतक के सिर पर गंभीर चोट थी, जबकि शरीर पर सड़क हादसे जैसी खरोंच या घिसाव के निशान नहीं थे। मोटरसाइकिल भी सामान्य स्थिति में मिली और उसका केवल एक इंडिकेटर टूटा हुआ था। मौके पर एक रस्सी और चप्पल मिलने से पुलिस का शक और गहरा गया।

पुलिस ने कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जब मृतक के भाई लक्ष्मीलाल से पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसके और मृतक भाई के बीच संपत्ति और 10 लाख रुपए के लोन को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक अपने हिस्से के पांच लाख रुपए वापस मांग रहा था, जबकि आरोपी वह रकम खर्च कर चुका था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने 2 मई की रात भाई को शराब पिलाने के लिए पैसे भेजे और फिर अपने खेत स्थित मकान पर बुलाया। रात में गहरी नींद में सोने के बाद कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से उसके सिर पर कई वार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को कट्टे में डालकर मोटरसाइकिल से नेशनल हाईवे तक पहुंचाया और सड़क हादसा दिखाने के लिए शव को सड़क किनारे डाल दिया। इसके बाद मोटरसाइकिल को भी पास में गिरा दिया, ताकि मामला एक्सीडेंट लगे।

आसींद थाना पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़ते हुए आरोपी लक्ष्मीलाल खटीक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब मामले में आगे की जांच कर रही है।

### कोटड़ी में विशेष यातायात अभियान शुरू

## भारी वाहनों के कस्बे में प्रवेश पर रोक, नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

( **दिनेश पारीक** )। कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से कोटड़ी थाना पुलिस ने 10 मई से विशेष यातायात अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान आगामी आदेश तक जारी रहेगा।



थानाधिकारी महावीर मीणा ने बताया कि कस्बे के भीतर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। अब ट्रेलर, ट्रक एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे भारी वाहनों को अनिवार्य रूप से कोटड़ी बाईपास मार्ग से होकर गुजरना होगा। नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।अभियान के तहत पुलिस द्वारा वाहन चालकों की सघन जांच भी की जा रही है। वाहन चालकों को अपने साथ वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना अनिवार्य किया गया है। दस्तावेज या लाइसेंस नहीं मिलने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के खिलाफ भी विशेष सख्ती बरती जाएगी। पुलिस प्रशासन ने वाहन मालिकों से अपने वाहनों का बीमा समय पर करवाने तथा चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने एवं उसका समय पर नवीनीकरण करवाने की अपील की है। थानाधिकारी महावीर मीणा ने कहा कि यातायात नियमों की पालना केवल कानूनी बाध्यता ही नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। पुलिस द्वारा अभियान के दौरान लगातार निगरानी रखी जाएगी।

## खारी नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलियाकलां थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खारी नदी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर जब्त किया है। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की मई की रात गश्त के दौरान डीएसटी टीम से सूचना मिली कि सागरिया के पास खारी नदी में अवैध बजरी खनन किया जा रहा है। सूचना पर फुलियाकलां थाना पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर पहुंची। वहां नदी क्षेत्र में चार ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी से भरे मिले, जबकि एक ट्रैक्टर पर बजरी भरने के लिए लोडर लगा हुआ था।

पुलिस ने घेराबंदी कर सभी वाहनों को पकड़ा और चालकों से बजरी खनन एवं परिवहन से संबंधित परमिट और लाइसेंस मांगे, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर वाहनों को जब्त कर लिया।

कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हुकमचंद बैरवा, रोशन बैरवा, सूरज कीर, नारायण गुर्जर और सत्यनारायण कुमावत के रूप में हुई है। सभी आरोपी फुलियाकलां थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# तालाब की पाल खोदकर मिट्टी ले जाने का आरोप, कार्रवाई की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

**गजानंद जोशी।** क्षेत्र की पडेर ग्राम पंचायत में रात के अंधेरे में तालाब की पाल को खोदकर अवैध रूप से मिट्टी परिवहन किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन ने नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

प्रशासक प्रतिनिधि मुकेश जाट ने बताया कि शनिवार रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से बिना ग्राम पंचायत की अनुमति के देवरिया तालाब की पाल को खोदकर अवैध रूप से भुड्डा मिट्टी निकाली गई। इससे गांव की प्राकृतिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि अवैध दोहन एवं परिवहन में शामिल लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि ग्राम पंचायत की भूमि, खाल एवं तालाबों से होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन या मिट्टी परिवहन की सूचना तुरंत ग्राम पंचायत एवं स्थानीय पुलिस थाने को दें।

# सवाईपुर में धूमधाम से निकली चारभुजानाथ की शोभायात्रा

## ढोल-नगाड़ों, डीजे और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने किया भगवान का स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे में रविवार को भगवान चारभुजानाथ की भव्य शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए तथा पूरे कस्बे में भक्तिमय माहौल बना रहा।

सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि रविवार प्रातः 7:15 बजे ब्राह्मणों के मंदिर एवं बड़े चारभुजानाथ मंदिर से भगवान की शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होती हुई मुख्य बस स्टैंड तक पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान चारभुजानाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस दौरान जगदीश चंद्र उपाध्याय, कालूलाल शर्मा, नाथमुनि श्रौत्रिय, गोपाललाल तेली, जगदीश लोहार, शिवलाल शर्मा, सुशील श्रौत्रिय, उदयलाल सैन, दिनेश जोशी, प्रेमशंकर श्रौत्रिय, राजकुमार श्रौत्रिय, पंकज श्रौत्रिय, सांवरमल वैष्णव, प्रमोद श्रौत्रिय, सुनील श्रौत्रिय, मनोज श्रौत्रिय सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में जवाहर फाउंडेशन ने बांटी छाछ



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

भीषण गर्मी के बीच सामाजिक सरोकार निभाते हुए जवाहर फाउंडेशन द्वारा राहगीरों एवं आमजन को छाछ वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। संस्था के इस सेवा कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की। जवाहर फाउंडेशन द्वारा संचालित अंबेडकर भवन स्थित अन्नपूर्णा रसोई में पिछले करीब चार वर्षों से 'स्वाभिमान भोज' योजना के तहत मात्र एक रुपये में जरूरतमंदों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

रसोई संचालक संतोष कुमार नाथ ने बताया कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए संस्था की ओर से छाछ वितरण किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली। स्थानीय लोगों ने संस्था के इस मानवीय प्रयास को मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# फर्जी बीमा क्लेम के लिए शव के साथ अमानवीय हरकत, 3 आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले की गांधीनगर थाना पुलिस ने फर्जी बीमा क्लेम उठाने के लिए शव के साथ अमानवीय हरकत करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मृतक के दाहिने हाथ की अंगुली और बाएं पैर के अंगूठे को माचिस की तीली से जलाकर शव का अपमान किया। मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया है

पुलिस ने बताया की अहमदाबाद निवासी चंबा बेन ने रिपोर्ट दी कि उसका पुत्र दीपक गंभीर रूप से बीमार था। 7 मई 2026 को उसे अहमदाबाद के जीसीएस मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई। इसी दौरान परिचित विश्वास सुरज सैमुअल ने राजस्थान के निजी अस्पताल में उपचार कराने की बात कही। इसके बाद विश्वास सुरज, चालक भीखा उर्फ भरत और अन्य लोग दीपक को कार से भीलवाड़ा लेकर आए और मालोला क्षेत्र में एक मकान पर ठहराया। आरोप है कि उस समय तक दीपक की मौत हो चुकी थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपियों ने मृतक की मां और उसके पोते को कमरे से बाहर निकाल दिया। इसके बाद आरोपी विश्वास सुरज और उसके साथियों ने बीमा क्लेम लेने की नीयत से मृतक के दाहिने हाथ की अंगुली और बाएं पैर के अंगूठे को माचिस की तीली से जला दिया। आरोपियों ने परिजनों से कहा कि जैसा बताया जाए वैसा करने पर बीमा क्लेम मिल जाएगा।

बाद में आरोपी शव को मंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पुलिस को सूचना मिलने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों विश्वास सुरज सैमुअल, भीखा भाई और डालु गाडरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपियों ने पहले भी कितने फर्जी बीमा क्लेम किए हैं। मामले में अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

# भेरूखेड़ा के श्री देवनारायण मंदिर में श्री नारायण महायज्ञ सम्पन्न

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर शिखर पर चढ़ाया गया पावन कलश

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा ।



पुराना भेरूखेड़ा आगुंचा स्थित मानसी नदी तट पर विराजित श्री देवनारायण मंदिर में आयोजित शिखर कलश प्रतिष्ठा, नवकुंडात्मक श्री नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव श्रद्धा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

यह आयोजन श्री श्री 108 महंत लवकुश दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। यज्ञाचार्य पंडित अमरदीप शास्त्री सहित विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए।

समापन दिवस पर नवकुंडात्मक श्री नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति दी गई तथा अभिजीत मुहूर्त में श्री देवनारायण मंदिर के शिखर पर पावन कलश स्थापित किया गया। इस दौरान पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न वैदिक पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान हुए। समापन पर संत-महात्माओं एवं विप्र ब्राह्मणों की विदाई के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# भीलवाड़ा में जुटेंगे देशभर के 1120 किसान

## 17 राज्यों के किसान लेंगे गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती का विशेष प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचन्द पेसवानी।**

जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में भीलवाड़ा अब राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाने जा रहा है। जिले के रीको क्षेत्र स्थित आरसीएम वर्ल्ड में 27 मई से 31 मई तक देशभर के किसानों का विशाल संगम होगा। पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में 17 राज्यों से आए करीब 1120 किसान गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम श्रीरामशांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कोटा, श्री सरोज देवी फाउंडेशन भीलवाड़ा, अमृता देवी पर्यावरण नागरिक संस्थान (अपना संस्थान) एवं फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी सहित कई संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

एसडी फाउंडेशन के समन्वयक महेश नवहाल ने बताया कि भीलवाड़ा में इस स्तर पर गो आधारित जैविक एवं प्राकृतिक खेती का यह पहला बड़ा आयोजन होगा। कार्यक्रम में राजस्थान, आसाम, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, गुजरात, छत्तीसगढ़, दिल्ली, पंजाब, बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश सहित 17 राज्यों के किसानों ने पंजीकरण कराया है।

प्रशिक्षण शिविर में किसानों को खेती से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यवहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी दी जाएगी। इसमें जल प्रबंधन, भूमि परीक्षण एवं सुधार, मिट्टी की उर्वरता एवं पोषण, खरपतवार का नवाचारी प्रबंधन, कीट संरक्षण एवं नियंत्रण, रोग नियंत्रण की सरल तकनीक, जैविक प्रमाणीकरण एवं दस्तावेजीकरण जैसे विषय प्रमुख रहेंगे।

इसके अलावा किसानों को हिरण, खरगोश, नीलगाय, सूअर, बंदर एवं दीमक जैसे जीवों से फसलों की सुरक्षा के प्राकृतिक एवं सरल उपाय भी सिखाए जाएंगे। शिविर में केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि विभिन्न विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का वातावरण भारतीय संस्कृति एवं प्राकृतिक जीवनशैली पर आधारित रहेगा। सुबह योग एवं व्यायाम, ध्यान-साधना तथा रात्रि में भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे, जिससे किसानों को मानसिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा भी प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकरजी, एसडी फाउंडेशन के संयोजक तिलोक छाबड़ा, अपना संस्थान के संयोजक विनोद मेलाना, गोयल ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष ताराचंद गोयल एवं मुख्य वैज्ञानिक पवन टाक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बोर का मंड देवनारायण मंदिर में काल भैरव मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

## मंगरी के देवनारायण भगवान एवं पीपल माता का विवाह धूमधाम से सम्पन्न, जयकारों से गूंजा क्षेत्र

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।





**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती बड़ला गांव स्थित बोर का मंड देवनारायण मंदिर में पीपल विवाह एवं काल भैरव मूर्ति स्थापना को लेकर आयोजित पांच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि हरात्मक यज्ञ रविवार को धार्मिक विधि-विधान एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंगरी के देवनारायण भगवान एवं पीपल माता का विवाह भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बड़ला-पीथास रोड स्थित बोर का मंड देवनारायण मंदिर में बुधवार को कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ था। पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत शनिवार शाम हरणी से मंगरी के देवनारायण भगवान की बारात बड़ला गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों ने बारात का भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा।

रविवार अल सुबह 4:15 बजे देवनारायण भगवान ने तोरण मारकर चंवरिया में प्रवेश किया, जहां पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पीपल माता के साथ विवाह की रस्में सम्पन्न हुईं। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रातः 6:15 बजे शुभ विवाह सम्पन्न हुआ।

इसके बाद सुबह 8:15 बजे स्थापित देवी-देवताओं का आह्वान कर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान 41 जोड़ों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां देकर धर्म लाभ लिया। दोपहर 12:17 बजे अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवनारायण मंदिर प्रांगण में काल भैरव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पूरा क्षेत्र देवनारायण भगवान, काल भैरव एवं माताजी के जयकारों से गूंज उठा।

वहीं दोपहर 2:15 बजे हरि हरात्मक यज्ञ की पूर्णाहुति महाआरती के साथ हुई। इसके पश्चात भगवान को प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## अवैध पिस्टल और कारतूस के साथ हार्डकोर बदमाश गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले की फुलियाकलां थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल, मैग्जीन और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा और वृत्ताधिकारी शाहपुरा के सुपरविजन में फुलियाकलां थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया की 10 मई को गश्त के दौरान सूचना मिली कि सांगरिया की तरफ से बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक पर एक युवक धनोप की ओर आ रहा है, जिसके पास अवैध हथियार हो सकता है। सूचना पर पुलिस टीम ने धनोप माता तिराहे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवक को रोका।

पूछताछ में उसने अपना नाम सांवरलाल गुर्जर निवासी सांगरिया थाना फुलियाकलां बताया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर लगे बैग से एक पिस्टल और उसकी मैग्जीन में तीन जिंदा कारतूस मिले। आरोपी हथियार रखने और परिवहन करने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर हथियार और बिना नंबर की मोटरसाइकिल जब्त कर ली। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सांवरलाल गुर्जर थाना क्षेत्र का हार्डकोर अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## वरिष्ठ नागरिक से चाकू की नोक पर लूट का प्रयास, 3 बदमाश गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

रायपुर थाना पुलिस ने वरिष्ठ नागरिक से चाकू की नोक पर लूट का प्रयास करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त की हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह का एक सदस्य स्थानीय क्षेत्र की जानकारी रखता था और उसी के जरिए रेकी कर वारदात को अंजाम दिया जाता था। वारदात के बाद आरोपी पड़ोसी जिले में जाकर छिप जाते थे। पुलिस ने थाना प्रभारी शंभु दयाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया है ।

पुलिस ने बताया की 4 मई 2026 को मोखुन्दा निवासी कजोरीमल जैन अपने घर के बाहर वाले कमरे में बैठे थे। इस दौरान 3-4 युवक बार-बार उनकी गली में घूमते दिखाई दिए। कुछ देर बाद उनमें से दो युवक अचानक कमरे में घुस गए और चाकू दिखाकर लूटपाट करने तथा जान से मारने का प्रयास किया। इसी दौरान बाहर एक अन्य मोटरसाइकिल के आने की आवाज सुनकर आरोपी कजोरीमल को नीचे गिराकर मौके से भाग निकले। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिससे उनकी जान बच गई।

घटना के बाद रायपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों तोषिफ शाह, हिम्मतलाल गुवारिया और सुनिल नाथ को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## राज्यास जैन मन्दिर में वेदी प्रतिष्ठा व महायज्ञ का शाहपुरा जैन समाज को दिया निमंत्रण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



मूलचन्द पेसवानी

निकटवर्ती राज्यास ग्राम में श्री दिगंबर जैन मंदिर में 17 व 18 मई को श्री 1008 श्री मज्जिनेंद्र जिन बिम्ब वेदी प्रतिष्ठा, कलशारोहण, ध्वजारोहण महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य महा महोत्सव बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश अशोक नगर मध्य प्रदेश के सानिध्य में होगा। इस समारोह का शाहपुरा जैन समाज व स्थानीय पांचों जैन मन्दिर में निमंत्रण देने के लिए वहां का प्रतिनिधि मंडल यहां पहुंचा तथा जयकारोंके साथ निमंत्रण पत्रिका भेंट की।

बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पाषाण से राज्यास में भव्य जैन मंदिर का नवीन निर्माण हुआ है। यहां भगवान महावीर की मूल प्रतिमा के साथ अन्य जिन प्रतिमाएं भी विराजमान होगी। समाज के प्रकाश चंद्र जैन ने बताया कि कार्यक्रम की ध्वजा श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सकल जैन समाज राज्यास के गोधा परिवार की ओर से मंदिर में गाजे बाजे के साथ चढ़ाई गई। भगवान को श्रीफल आदि अष्टद द्रव्य समर्पित कर निर्विघ्न महोत्सव संपन्न हो इसके लिए प्रार्थना की गई।

मंदिर में विराजित रक्षक देव श्री मंशापूर्ण मानभद्र को भी नैवेद्य चढ़ाकर सानंद महोत्सव संपन्न हो इसके लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर शाहपुरा दिगम्बर जैन समाज के आनंद सेठी, पुखराज सेठी, नरेंद्र कुमार गदिया, हेमू गदिया, मानमल सेठी, राजेंद्र मोदी, यशपाल पाटनी, नवरतन चोधरी, प्रभाचंद मोदी के अलावा राज्यास से रतनलाल गोधा, महेंद्र कुमार, पवन कासलीवाल, राजकुमार, रेणु जैन, शशि, पुष्पा, कमल आदि मौजूद रहे। गोधा परिवार ने समाज जनों से समारोह में शामिल होने का आव्हान किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सरदार नगर में भक्ति की अविरल धारा, जागरण में रातभर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।





**परमेश्वर** सरदार नगर स्थित श्री श्री 1008 महामाया चामुंडा माताजी मूर्ति एवं शिखर प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत विशाल जागरण एवं भजन संध्या श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। पूरी रात मंदिर परिसर भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा और श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।


कार्यक्रम में बनेड़ा दरबार गोपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश भंडारी, कल्याण सिंह राणावत, चामुंडा माताजी संरक्षक एवं भोपाजी रामचंद्र जाट, दादू पंथी संत महंत रामदास जी महाराज प्रखर (दौसा), यज्ञाचार्य पंडित पवन कुमार व्यास तथा शिक्षाविद तरुण सिंह सिसोदिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का साफा बंधन एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।


भजन संध्या में भजन जगदीश वैष्णव,व पूषा लाल माली ने माँ चामुंडा माताजी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियाँ दीं। सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर देर रात तक झूमते रहे और भजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद तरुण सिंह सिसोदिया ने प्रभावशाली ढंग से किया। रविवार को प्रातः 8:15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति एवं कलश प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इसके पश्चात 9:15 बजे महाआरती की गई तथा 11:15 बजे महाप्रसादी के साथ महोत्सव का विधिवत समापन हुआ।

# हिमाचल की राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 'एन-26' में चमकेगी भीलवाड़ा की दीपिका पाराशर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





शहर की युवा कलाकार दीपिका पाराशर का हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की समूह कला प्रदर्शनी में चयन होने पर कला जगत में हर्ष का माहौल है। 15 से 17 मई 2026 तक नागर, हिमाचल प्रदेश में आयोजित प्रतिष्ठित ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी 'एन-26' में देशभर के चुनिंदा कलाकार अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिनमें भीलवाड़ा की दीपिका पाराशर भी शामिल हैं।

प्रदर्शनी के क्यूरेटर अतुल पड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कला प्रदर्शनी के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कलाकारों के आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 20 प्रतिभाशाली कलाकारों का चयन किया गया है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में पेंटिंग, ग्राफिक आर्ट, डिजिटल आर्ट, ड्रॉइंग, फोटोग्राफी और स्कल्पचर जैसी विविध कला विधाओं की उत्कृष्ट कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी का नाम 'एन-26' रखा गया है, जो समकालीन कला के विविध आयामों को एक मंच पर प्रस्तुत करेगी।


इस राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में राजस्थान, अहमदाबाद, बड़ौदा, लुधियाना और कोलकाता सहित देश के विभिन्न शहरों से चयनित कलाकार भाग ले रहे हैं। ऐसे प्रतिष्ठित मंच पर भीलवाड़ा की युवा कलाकार दीपिका पाराशर का चयन जिले के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।


दीपिका पूर्व में भी देश के अनेक हिस्सों में आयोजित कला प्रदर्शनियों में अपनी सहभागिता दर्ज करा चुकी हैं। उनकी कलाकृतियों को कला प्रेमियों और समीक्षकों द्वारा सराहा जाता रहा है। रंगों के प्रभावी संयोजन और विषयों की संवेदनशील प्रस्तुति उनकी कला की विशेष पहचान मानी जाती है।

कला क्षेत्र से जुड़े लोगों ने दीपिका की इस उपलब्धि को भीलवाड़ा के कला जगत के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# 2 करोड़ की लागत से बना भव्य दिगम्बर जिनालय, 1100 वर्ष पुरानी प्रतिमाएं होंगी स्थापित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





शाहपुरा का नई राज्यास गांव जल्द ही जैन धर्म की आस्था, तपस्या और चमत्कारिक इतिहास का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। यहां 1100 वर्षों तक भूगर्भ में विराजित रही प्राचीन दिगम्बर जैन प्रतिमाओं सहित 9 प्रतिमाओं की भव्य दिगम्बर जिनालय में 18 मई को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से गोदा परिवार के तीन घरों द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित यह भव्य जिनालय विशेष पाषाण शैली में तैयार किया गया है। मंदिर निर्माण में वियतनाम के सफेद पत्थर एवं बंशीपुर पहाड़ के विशेष पाषाण का उपयोग किया गया है। विशाल शिखरों, आकर्षक नक्काशी और दिव्य स्थापत्य से सुसज्जित यह जिनालय क्षेत्र में श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

गोदा परिवार के कमल गोदा एवं राजकुमार गोदा ने बताया कि वर्ष 2001 में धनोप क्षेत्र में नदी खुदाई के दौरान भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान एवं नंदीश्वर द्वीप सहित प्राचीन दिगम्बर जैन प्रतिमाएं भूगर्भ से प्रकट हुई थीं। खुदाई के दौरान जैसे-जैसे मिट्टी हटती गई, वैसे-वैसे सदियों पुराना धार्मिक इतिहास सामने आता गया। इन दिव्य प्रतिमाओं को देखकर लोग स्तब्ध रह गए और श्रद्धालुओं ने इसे धर्म का चमत्कार माना।

सूचना मिलने पर नई राज्यास से गोदा परिवार धनोप पहुंचा और पूरे श्रद्धाभाव के साथ प्रतिमाओं को गांव लेकर आया। इसके बाद 23 मई 2001 को गांव के छोटे मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा की गई। वर्षों तक श्रद्धालु वहीं दर्शन करते रहे, लेकिन समय के साथ मंदिर जीर्ण-शीर्ण होने लगा। तब गोदा परिवार ने भव्य जिनालय निर्माण का संकल्प लिया। 5 फरवरी 2022 को मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के सानिध्य में मंदिर की नींव रखी गई तथा शिलान्यास एवं शिलि अभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद लगातार मंदिर निर्माण कार्य चलता रहा और अब मंदिर पूरी भव्यता के साथ तैयार हो चुका है।

### स्वर्ण आभा से आलोकित होगा गर्भगृह

मंदिर में भगवान महावीर स्वामी की मुख्य वेदी को विशेष स्वर्ण आभा से सजाया गया है। गर्भगृह में भगवान महावीर स्वामी, भगवान आदिनाथ, पारसनाथ भगवान, नंदीश्वर द्वीप, मुनि सुदृढ़नाथ सहित 9 देवताओं की धातु एवं पाषाण निर्मित प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। रात्रि में मंदिर की रोशनी पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक आभा बिखेरेगी।

### गांव बनेगा धर्मनगरी

17 एवं 18 मई को पूरे नई राज्यास गांव को विद्युत सजावट, धर्मध्वजाओं एवं रंग-बिरंगी झांकियों से सजाया जाएगा। महोत्सव के दौरान बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों एवं जयकारों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भगवान की भक्ति में लीन नजर आएंगे।

इसके साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा विशाल सामूहिक प्रसादी एवं वात्सल्य भोज भी आयोजित किया जाएगा।

### देशभर से पहुंचेंगे संत एवं विशिष्ट अतिथि

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद, मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के मार्गदर्शन एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश के सानिध्य में सम्पन्न होगा।

कार्यक्रम में शाहपुरा-बनेड़ा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, पूर्व जिला प्रमुख पूखराज पहाड़िया, ग्राम सरपंच सत्यानारायण भील सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

वहीं वेद स्टोनेक्स किशनगढ़ के दिलीप कुमार, निरंजन, निर्मल, प्रमोद वेद, देशनोदय दिगम्बर अतिशय क्षेत्र चांवलेश्वर पार्श्वनाथ के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र कासलीवाल तथा सर्वार्थ सिद्ध अतिशय क्षेत्र रणथम्भौर, सवाई माधोपुर के तरुण बंज भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

श्री दिगम्बर जैन मंदिर के संरक्षक रतनलाल गोधा एवं अध्यक्ष भागचन्द गोधा ने बताया कि यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि समाज की एकता, श्रद्धा और समर्पण का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्षों का सपना अब साकार होने जा रहा है और यह जिनालय आने वाली पीढ़ियों को धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना की प्रेरणा देता रहेगा।

# छह महीने बाद कानून के शिकंजे में आया ईनाणी हत्याकांड का मास्टरमाइंड

## 50 हजार का इनामी रमता राम गिरफ्तार, 30 साल पुराने जमीन विवाद में रची गई थी खूनी साजिश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी।**





चित्तौड़गढ़ के बहुचर्चित भाजपा नेता एवं कुरियर व्यवसायी रमेश चंद्र ईनाणी हत्याकांड में आखिरकार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। करीब छह महीने से फरार चल रहे मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपए के इनामी रमता राम को कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में उसे इस सनसनीखेज हत्याकांड का मास्टरमाइंड माना जा रहा है।

गौरतलब है कि 11 नवंबर 2025 को कृष्णा नगर निवासी भाजपा नेता रमेश चंद्र ईनाणी रोज की तरह स्कूटी से अपनी दुकान के लिए निकले थे। इसी दौरान सिटी पेट्रोल पंप के पास पीछे से बाइक पर आए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल ईनाणी को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में उदयपुर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे चित्तौड़गढ़ जिले में सनसनी फैल गई थी।

घटना के बाद व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आम लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कई स्थानों पर प्रदर्शन हुए और पुलिस पर दबाव लगातार बढ़ता गया। इसके बाद पुलिस ने विशेष टीमें गठित कर मामले की जांच तेज की।

जांच के दौरान सबसे पहले उत्तर प्रदेश के वाराणसी निवासी शूटर मनीष कुमार उर्फ कमल दुबे को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद सिरोही निवासी भजनाराम तथा मिर्जापुर निवासी अरविंद उर्फ कृपानाथ दुबे को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। लगातार हुई इन गिरफ्तारियों से यह स्पष्ट हो गया कि हत्या कोई अचानक हुई वारदात नहीं थी, बल्कि पूरी योजना के तहत रची गई साजिश थी।

पुलिस जांच में सामने आया कि रमता राम और रमेश ईनाणी के बीच करीब 30 साल पुराना जमीन विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते रमता राम ने कथित रूप से सुपारी देकर हत्या करवाई और वारदात के बाद फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने आरोपी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, जिसे बाद में उदयपुर रेंज के आईजी गौरव श्रीवास्तव ने बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया।


पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र की सहायता से आखिरकार रविवार को रमता राम को गिरफ्तार कर लिया। अब उससे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में हत्याकांड से जुड़े कई और अहम खुलासे हो सकते हैं।

चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि आरोपी रमता राम पहले रामस्नेही संप्रदाय से जुड़ा संत रह चुका है। हत्या के मामले में नाम सामने आने के बाद उसे संप्रदाय से निष्कासित कर दिया गया था। अब उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरे जिले की नजर पुलिस जांच और आगे होने वाले खुलासों पर टिकी हुई है।

# जीवदया को लेकर जैन युवा सेवा संस्थान ने रचा सेवा का इतिहास

## मदर्स डे पर 1008 पानी की टंकियों व गौ-ग्रास पात्रों का निःशुल्क वितरण, जीवमात्र के प्रति करुणा का दिया संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



मदर्स डे के अवसर पर जहां एक ओर मातृत्व, ममता और संवेदनाओं का उत्सव मनाया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर जैन युवा सेवा संस्थान ने गौ माता, मूक पशु-पक्षियों एवं जीवमात्र के प्रति करुणा, सेवा और संरक्षण का अनूठा संदेश देकर मानवता की मिसाल पेश की। रविवार को भीलवाड़ा-कोटा रोड स्थित यश विहार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में संस्थान द्वारा 1008 सीमेंटेड पानी की टंकियों एवं गौ-ग्रास पात्रों का निःशुल्क वितरण किया गया।

संस्थान के अध्यक्ष धर्मीचंद बाफना एवं महामंत्री पीयूष खमेसरा ने बताया कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल गौवंश, पशु-पक्षियों और निराश्रित जीवों की पीड़ा को महसूस करते हुए यह सेवा अभियान आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल टंकियों के वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति में निहित दया, करुणा, सह-अस्तित्व और मातृत्व के भाव का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नवकार महामंत्र के मंगलाचरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा थे। विशिष्ट अतिथियों में लोक अदालत सदस्य शांतिलाल जैन, शांति भवन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़, ओमप्रकाश सिसोदिया, लक्ष्मण सिंह बाबेल, दिनेश गोखरू, सुशील चपलोत, बाबूलाल टांक, कमला चौधरी, शकुंतला खमेसरा, साधना भंडारी, किरण बाफना, राखी खमेसरा एवं निर्मला बुलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नाहर सिंह खारीवाल ने की।

संस्थान के मार्गदर्शक भूपेंद्र सिंह पगारिया, संरक्षक अनिल खटोड़ एवं प्रमोद सिंघवी, उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा तथा संस्थान के सदस्यों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगी भामाशाहों का मोमेंटो एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रमोद सिंघवी एवं धर्मीचंद बाफना ने अपने संबोधन में कहा कि जीवदया जैन संस्कृति का मूल प्राण है। जल सेवा और गौ सेवा केवल पुण्य अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के प्रति आत्मीयता, दायित्व और संवेदना का भाव है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में एक छोटी सी पानी की टंकी भी असंख्य मूक जीवों के लिए जीवनदान सिद्ध हो सकती है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की तथा गौ माता को 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा दिए जाने की मांग सरकार एवं प्रशासन से की।

महामंत्री पीयूष खमेसरा एवं उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। छाया के लिए विशाल टेंट लगाए गए तथा छाछ और चाय की निरंतर सेवा संचालित होती रही।

संस्थान के मार्गदर्शक भूपेंद्र सिंह पगारिया ने कहा कि जब समाज सेवा, धर्म और संवेदना एक साथ जुड़ते हैं, तब ऐसे आयोजन इतिहास बन जाते हैं। उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न जनसेवा एवं जीवदया गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान धर्मचंद नंदावत को संस्थान के सलाहकार पद पर मनोनीत किया गया तथा नारायण भड़ाला का विशेष सम्मान किया गया।

इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में संयोजक गौरव तातेड, सचिन चपलोत, मनोज खारीवाल, अभिषेक तातेड, प्रियंक भानावत, जितेंद्र सुराणा, संदीप लोढ़ा, टीकम खारीवाल, सुनील आंचलिया एवं दिलीप रांका सहित संस्थान के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मदर्स डे पर आयोजित यह सेवा अभियान केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवमात्र के प्रति करुणा, संरक्षण और सह-अस्तित्व की भारतीय संस्कृति को सशक्त करने वाला प्रेरणादायी अध्याय बन गया। इस दौरान हेमेंद्र शर्मा, हुकमीचंद खटोड़, दिनेश खरवड़, ललित सांखला, गोवर्धन सिंह कावड़िया, अरविंद झामड़, नरेंद्र भंडारी, पंकज खारीवाल, अनिल बाफना, सौरभ जैन, संदीप रांका, विपिन दुग्गड़, महावीर बाफना, नरेंद्र डागा, मुकेश आंचलिया, पवन लोढ़ा, अंकित पगारिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

# ग्राम रथों के माध्यम से सरकार पहुंची अंतिम व्यक्ति तक : सांसद सी. पी. जोशी

## विकास रथ यात्रा के जरिए गांव-गांव पहुंच रही योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

संसद याचिका समिति चेयरपर्सन, सांसद चित्तौड़गढ़ सीपी जोशी ने कहा कि ग्राम रथों के माध्यम से सरकार आमजन के द्वार तक पहुंची है, ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ग्राम रथ अभियान अंतर्गत आसींद की ग्राम पंचायत मालासेरी में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में चौपालें सरकार के अंतिम चरण में आयोजित होती थीं, जबकि वर्तमान सरकार ने अपने पहले एवं दूसरे वर्ष का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है। विकास रथ यात्रा एवं राम रथ यात्रा के माध्यम से गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों एवं भविष्य की विकास योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है।

सांसद जोशी ने कहा कि सरकार गठन के साथ ही 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि तथा किसानों को गेहूं पर प्रति क्विंटल बोनस देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है तथा राज्य सरकार भी अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध करा रही है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं ग्रामीण सड़क विस्तार जैसी ऐतिहासिक पहलें उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बिजली, पेयजल, सड़क एवं शिक्षा जैसे आधारभूत क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रही है।

सांसद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, पीएम कुसुम योजना, सोलर एवं ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों से राजस्थान ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में राजस्थान बिजली खरीदने वाला नहीं, बल्कि बिजली बेचने वाला प्रदेश बनेगा।

पेयजल व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से प्रत्येक गांव तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। आसींद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला एवं जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा भी मौजूद रहे। उन्होंने भी ग्राम रथ अभियान के उद्देश्यों एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों को कला जत्था कार्यक्रम के माध्यम से अलग अंदाज में लोगों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रकाश चंद, उपखंड अधिकारी आसींद, विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# गौमाता के साथ मनाया मातृ दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री गोसेवा मित्र मंडल एवं पर्यावरण संरक्षण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर 'मातृ-गौ वन्दनम्' प्रकल्प के तहत मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में गोमाता की पूजा-अर्चना कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

प्रकल्प संयोजक सात्विक शर्मा ने बताया कि मातृ दिवस के अवसर पर संगठन के सदस्यों द्वारा जगत जननी गोमाता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए निराश्रित एवं उपेक्षित गोवंशों को हरा चारा, तरबूज एवं गुड़ का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सड़कों एवं कचरा स्थलों पर थैली व अन्य गंदगी खाने को विवश गोवंशों की सेवा के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। संस्था अध्यक्ष अमन शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से निरंतर प्रतिदिन गोरथों के माध्यम से निराश्रित एवं उपेक्षित गोवंशों को हरा चारा, रोटी सब्जी फल आदि उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं सेवा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में समाजसेवी भूपेंद्र मोगरा पूर्व नगर परिषद सभापति पार्षद मंजू पोखरना,पूर्व भाजपा जिला महामंत्री बाबूलाल टाँक,समाजसेविका विनीता तापड़िया,शुभांशु जैन, सुनील शर्मा, शुभम सोनी,लवकुश काबरा,अभिषेक चंडालिया,देवराज सिंह,पार्थ शर्मा, हर्षित ओझा, कोमल शर्मा, योगेश खोईवाल, हर्षिता खोईवाल, सानिध्य मूंदड़ा, अंशुल जैन, अर्पित विजयवर्गीय,ऋषि भट्ट,प्रदीप जागेटिया,मनोज शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नई राज्यास ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान में अनियमितता सफाई नहीं होने से जलभराव व गंदगी..

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शाहपुरा के नई राज्यास गांव में सगस महाराज मंदिर के निकट नाले की सफाई समय पर नहीं होने से जलभराव व कचरा एकत्रित हो रहा है।ग्रामीण शिवराज गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में समय पर सफाई नहीं होने से अव्यवस्थाओं का आलम दिखाई दे रहा है। सगस महाराज के निकट नाले की सफाई नहीं होने से नाला चौक हो रहा है जिससे पानी की निकासी नहीं होती है।गुर्जर ने बताया कि कई बार उच्च अधिकारियों को कहा ग्राम पंचायत सरपंच को भी सूचना दी लेकिन सुनवाई नहीं हुई जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।तथा लंबे समय से जलभराव के कारण बीमारियां फैलने की आशंका जताई गई।निकट ही धार्मिक स्थान है गंदगी और बदबू से भक्तों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# हर 10 मिनट में गुल हो रही बिजली, भीषण गर्मी में ग्रामीण परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। गेगा का खेड़ा ग्रिड से जुड़े आकोला कस्बे में पिछले कई दिनों से हर 10 मिनट में बिजली सप्लाई बंद होने और कम वोल्टेज की समस्या से किसान एवं आमजन परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार बिजली गुल होने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कम वोल्टेज के कारण कई लोगों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो चुके हैं। भीषण गर्मी के बीच पंखे और कूलर बंद हो जाने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर बिजली विभाग के सहायक अभियंता को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है, समाधान नहीं।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कर नियमित एवं सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 101 साइबर ठगी मामलों से जुड़ा बैंक खाता चित्तौड़गढ़ में ट्रेस, दो युवक जांच के घेरे में

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



साइबर थाना पुलिस ने देशभर में हुई 101 साइबर ठगी की शिकायतों से जुड़े एक बैंक खाते का खुलासा किया है। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह खाता 'सोलफेव ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से संचालित किया जा रहा था और इसमें साइबर ठगी की रकम जमा कर दूसरे खातों में ट्रांसफर की जा रही थी।

पुलिस के अनुसार यह बैंक खाता वर्ष 2025 तक सक्रिय रहा और अब तक करीब 50 से 60 लाख रुपए के लेन-देन का पता चला है। जांच में सामने आया कि अगस्त 2025 के दौरान विभिन्न राज्यों में हुई ऑनलाइन ठगी की रकम इस खाते में जमा हुई और तुरंत अन्य खातों में भेज दी गई। मामले में चंदेरिया थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा दौलतपुरा निवासी गोपाल जाट और नारायण वैष्णव पुलिस रडार पर हैं। साइबर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

जांच एजेंसियों का कहना है कि खाते का उपयोग सामान्य बैंकिंग गतिविधियों के लिए नहीं बल्कि साइबर अपराध से जुड़ी रकम को इकट्ठा कर आगे भेजने के लिए किया जा रहा था। ऐसे खातों को पुलिस भाषा में 'म्यूल अकाउंट' कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल साइबर ठग पैसों की ट्रेल छिपाने के लिए करते हैं। साइबर थाना अधिकारी मधु कंवर के मुताबिक गोपाल जाट पहले होटल व्यवसाय से जुड़ा हुआ था, हालांकि उसका होटल पिछले छह महीनों से बंद बताया जा रहा है। वहीं नारायण वैष्णव खेती का कार्य करता है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के संपर्क किन लोगों से थे और ठगी की रकम किन-किन बैंक खातों तक पहुंचाई गई। जांच एजेंसियों को आशंका है कि मामला किसी बड़े साइबर नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।